बिना सीटबेल्ट के वाहन चालकों को लगाई फटकार

न्यायिक मजिस्ट्रेट ने नियम तोड़ने वालों के ऑन द स्पॉट काटे चालान

नवभारत/नरसिंहपुर/ तेंदूखेड़ा क्षेत्र में सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए प्रशासन ने अब पूरी तरह से कमर कस ली है। इसी सिलसिले में विगत दिवस राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 45 जबलपुर भोपाल सड़क मार्ग तथा नागपुर झांसी राजमार्ग क्रमांक 44 पर एक बड़ा और सख्त नजारा देखने को मिला जब सिविल न्यायालय तेंदूखेड़ा के न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शिवाकांत कुशवाहा खुद पुलिस टीम के साथ सड़क पर उतरे। मजिस्ट्रेट की इस औचक चेकिंग से नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। दस्तावेजों की हुई बारीकी से जांच की अवैध नंबर प्लेटों पर कार्रवाई की गई। मजिस्ट्रेट कुशवाहा ने स्वयं मोर्चे पर खड़े होकर दोपहिया और चार पहिया वाहनों को रुकवाया इस दौरान चालकों के हेलमेट सीटबेल्ट और वाहनों के वैध दस्तावेजों की सघन जांच की गई। लापरवाही बरतने वाले और बिना हेलमेट सीटबेल्ट के मिले वाहन चालकों को मजिस्ट्रेट ने मौके पर ही कड़ी फटकार

लगाई और भविष्य में यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने की हिदायत दी। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ ऑन द स्पॉट चालानी कार्रवाई कर जुर्माना भी वसूला गया। इसके अलावा वाहनों पर लगी अवैध वीआईपी स्टाइल की नंबर प्लेटों पर भी नियमानुसार डंडा चला।

कानफोडू साइलेंसरों पर भी कसा शिकंजा

इस चेकिंग अभियान के दौरान शांति भंग करने वाले और मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर सड़कों पर फर्राटा भरने वाले हुड़दंगियों पर भी विशेष गाज गिरी।

पुलिस ने ऐसे कई दोपहिया वाहनों को पकड़ा जिनके साइलेंसर से तेज और कानफोडू आवाजें आ रही थीं। मजिस्ट्रेट के निर्देश पर इन तेज़ साउंड वाले साइलेंसरों के खिलाफ भी कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की गई। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात को सुरक्षित बनाने के लिए नियमों का पालन कोई औपचारिकता नहीं बल्कि जीवन की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है।

आगे भी यह अभियान जारी रहेगा

बिना हेलमेट और सीटबेल्ट के गाड़ी चलाना खुद की और दूसरों की जान को खतरे में डालना है। जिम्मेदार नागरिक बनें और नियमों को अपनी आदत में लाएं। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने हमारे प्रतिनिधि को जानकारी देते हुए बताया कि आगे भी यह अभियान जारी रहेगा इस अभियान स्थानीय लोगों ने की सराहना की है। पुलिस बल ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने साफ संदेश दिया कि यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा और इस तरह की औचक कार्रवाइयां आगे भी लगातार जारी रहेंगी। मजिस्ट्रेट के इस कड़े रुख और ऑन-रोड एक्शन की स्थानीय जनता ने जमकर सराहना की है। लोगों का मानना है कि ऐसे जमीनी अभियानों से न सिर्फ सड़क हादसों में कमी आएगी। बल्कि तेज आवाज वाले पटाखों जैसे साइलेंसरों से मिलने वाले ध्वनि प्रदूषण और न्यूसेंस से भी आम जनता को राहत मिलेगी।

शहरी वार्डों एवं ग्राम पंचायतों में लगाए जाएंगे शिविर

नवभारत/ नरसिंहपुर। जिले में विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचाने तथा पात्र हितग्राहियों की ई-केवायसी, समग्र ई-केवायसी एवं विभिन्न योजनाओं के लंबित पंजीयन कार्यों को पूर्ण करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशानुसार 27 जुलाई को नगर पालिका नरसिंहपुर के महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड व रानी अवंती बाई वार्ड में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र में 27 जुलाई को जिले की जनपद पंचायत नरसिंहपुर की ग्राम पंचायत नयाखेड़ा, पाला, पांजरा, पोसी व पस्ताना, जनपद पंचायत चीचली की ग्राम पंचायत सूखाखैरी, टेकापार।

उमरा को जोड़ने वाली पुलिया क्षतिग्रस्त, ट्रैक्टर पलटने से बचा

नवभारत/ गोटेगांव। तहसील गोटेगांव के ग्राम उमरा पंचायत देवरी कला को प्रधानमंत्री सड़क से जोड़ने वाला कच्चा रास्ता इन दिनों ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गया है। जितेंद्र बाथरे के खेत के पास बनी पुलिया पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है, लेकिन इस ओर किसी विभाग का ध्यान नहीं है। रविवार को ग्राम रामनिवारी निवासी आकाश रजक का ट्रैक्टर इसी पुलिया से गुजरते समय पलटते-पलटते बचा। हादसा होते-होते टला, लेकिन ग्रामीणों में दहशत है। ग्रामीणों का कहना है कि इसी कच्चे रास्ते से रोजाना 4 से 5 स्कूल वैन निकलती हैं, जिनमें उमरा के बच्चे गोटेगांव के विद्यालयों में पढ़ने जाते हैं।

पुलिया की हालत खराब

पुलिया की हालत खराब होने के कारण अब वैनों का निकलना बंद हो गया है। इससे दर्जनों स्कूली बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने का खतरा बन गया है। अभिभावकों और ग्रामीणों ने कहा कि बारिश के दिनों में पुलिया और भी खतरनाक हो गई है। अगर जल्द मरम्मत नहीं हुई तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। हमारे बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। प्रशासन तुरंत ध्यान दे। ग्रामवासियों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि पुलिया की तत्काल मरम्मत कराई जाए, ताकि बच्चों का आवागमन और किसानों का आना-जाना सुरक्षित हो सके।

मन शरीर और आचरण को पवित्र कर समाज के योग्य बनाना ही संस्कार

नवभारत/ तेंदूखेड़ा प्रत्येक व्यक्ति को उसके शरीर की शुद्धता के साथ मन वाणी और उत्तम आचरण के द्वारा शुद्ध बनाने में संस्कारों की महती भूमिका है। गर्भाधान संस्कार पुंसवन सीमंतोन्नयन जातकर्म नामकरण संस्कार निष्क्रमण अन्नप्राशन चूणाकर्म कर्णवेध विद्यारंभ उपनयन वेदारम्भ केशान्त समावर्तन विवाह अन्त्येष्टि संस्कार आदि सोलह संस्कार हमारे लिए ऋषि परम्परा से प्राप्त हैं। प्रत्येक संस्कार आध्यात्मिक और वैज्ञानिकता की कसौटी पर खरे हैं।उक्ताशय के उद्गार संस्कार सेवा आश्रम श्रीधाम वृन्दावन में चल रहे श्रीमद् भागवत साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ में कथा व्यास आचार्य चतुष्टय प्रमोद पचौरी ने व्यक्त किए। भगवान कृष्ण का जन्म मथुरा में



हुआ विभिन्न प्रकार की वाल लीलाएं वृन्दावन में हुईं।महारास के माध्यम से गोपियों को आनंद प्रदान किया।रास भगवान की अंतरंग लीला है जो उनके लीला धाम में उनके निजस्वरुपभूत भक्तों के साथ नित्य होती है। मथुरा में कंस का उद्धार किया। वसुदेव जी ने कृष्ण बलराम को उत्तम शिक्षा और संस्कारवान बनाने के लिए उज्जैन में सांदीपनि गुरु के यहां भेजा। यद्यपि भगवान विश्व गुरु हैं लेकिन जनसामान्य को सुंदर संदेश देने के लिए गुरु आश्रम में रहकर विद्याध्ययन किया। जरासंध को अनेकों बार पराजित करके रणछोड़ बनकर समुद्र के बीच द्वारिकापुरी बसाई। प्रतिष्ठित कोठारी परिवार द्वारा आयोजित भागवत कथा में कथा व्यास ने रुक्मिणी के साथ भगवान कृष्ण के विवाह का वर्णन किया। आकर्षक झांकियों के साथ रुक्मिणी मंगल का आयोजक परिवार के साथ उनके रिश्तेदार मित्र मंडल और क्षेत्रीय लोगों ने आनंद लिया।

रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति में संचालित मेडिकल स्टोर्स पर सख्त कार्रवाई

नवभारत/ नरसिंहपुर। जिले में मेडिकल स्टोर्स का संचालन नियमों के अनुरूप सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के मार्गदर्शन में औषधि निरीक्षक श्री देवेन्द्र कुमार जैन द्वारा गाडरवाडा क्षेत्र में आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मेसर्स प्रान्जू मेडिकल स्टोर व गायत्री वार्ड गाडरवाडा में पाया गया कि रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट सुश्री निधि पटेल की अनुपस्थिति में प्रोपा पार्थ विश्वास द्वारा औषधियों का क्रय-विक्रय किया जा रहा था, जो कि नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। साथ ही निरीक्षण के दौरान दुकान में निरीक्षण पुस्तिका उपलब्ध नहीं पाई गई तथा औषधियों का रिकॉर्ड प्रस्तुत नहीं किया गया।

27 छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण, नि : शुल्क दवा वितरण

नवभारत/ गोटेगांव। समीप बरहटा स्थित शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आयुष्मान आरोग्य मंदिर में शनिवार को अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति छात्रावास के 27 छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में पदस्थ सेक्टर मेडिकल ऑफिसर डॉ. नंदकिशोर महलवार ने सभी छात्रों की जांच की और आवश्यकतानुसार निशुल्क दवाइयां वितरित कीं। साथ ही बरसात के मौसम को देखते हुए छात्रों को मौसमी बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया, बुखार और संक्रमण से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। डॉ. महलवार ने छात्रों को साफ-सफाई, संतुलित आहार और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि छात्रावासों में बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाना जरूरी है। इस अवसर पर बरहटा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्रों डॉक्टर महलवार का आभार प्रदर्शन किया!

एक नजर में

फैक्ट्री कर्मचारी के खाते से निकले 1 लाख

नवभारत, जबलपुर। अधारताल थाना अंतर्गत धनी की कुटिया निवासी आर्डिनेंश फैक्ट्री कर्मचारी के खाते से एक लाख रूपए निकाल लिए गए। पुलिस के मुताबिक शनिवार को नवीन चतुर्वेदी 49 वर्ष निवासी धनी की कुटिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह आर्डिनेंश फैक्ट्री खमरिया में नौकरी करता है। वासिंग मशीन की रिपेयरिंग के लिए टेक्नीसियन का नम्बर गूगल के माध्यम से सर्च करते समय एक मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क किया जिसने उसे व्हाटसएप नम्बर में जोड़ने की बात करते हुये टेक्नीसियन का मोबाइल नम्बर उपलब्ध कराने का कहते हुये एक मैसेज भेजा कि टेक्नीसियन का मोबाइल भेजा है और एपीके फाईल मैसेज भेजकर उससे क्लिक करवाया, जिससे उसके मोबाइल की स्क्रीन ब्लेक हो गयी।

तेज रफ्तार कार ने दो स्कूटियों को रौंदा, दो गंभीर

नवभारत,जबलपुर। अधारताल थाना क्षेत्र में शुक्रवार एवं शनिवार की दरमियानी रात तेज रफ्तार कार चालक ने आगे चल रही दो अलग-अलग स्कूटियों को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में स्कूटी सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। अधारताल पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, रात करीब 1:30 बजे सजनी शोरूम के सामने से दो स्कूटी सवार गुजर रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही एक कार क्रमांक 20 सी एफ 6472 के चालक ने वाहन को तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाते हुए दोनों स्कूटियों को पीछे से टक्कर मार दी।

रमेशचंद्र चौरसिया का देवलोक गमन

गोटेगांव। विगत दिवस नगर के प्रतिष्ठित नागरिक समाज सेवी रमेशचंद्र चौरसिया राजकमल का 77 वर्ष की आयु में अस्वस्थता के चलते देवलोक गमन हो गया है, आप सहज सरल मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे, वे चौरसिया ट्रांसपोर्ट के संचालक पंकज चौरसिया एवं मयंक चौरसिया के पूज्य पिता श्री थे, आपके देवलोक गमन का समाचार प्राप्त होतेही परिवारजनों व शुभचिंतकों में गहरा शोक व्याप्त हो गया,अंतिम संस्कार शव यात्रा में सभी वर्ग समुदाय के लोगों सहित विभिन्न राजनैतिक सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों के जनप्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर मुक्तिधाम में दाह संस्कार करने के उपरांत उपस्थित जनों ने श्री चौरसिया जी की दिवंगत आत्मा की शांति हेतु अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संतृप्त परिवार जनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त कर शोकाकुल परिवार जनों को इस गहन दुख सहन करने हेतु परम पिता परमात्मा से प्रार्थना की।

गायत्री मंदिर में एक दिवसीय प्रशिक्षण सह गोष्ठी संपन्न

नवभारत/गाडरवारा। गायत्री शक्तिपीठ गाडरवारा में जिला समन्वय समिति नरसिंहपुर का एक दिवसीय प्रशिक्षण सह गोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले की विभिन्न तहसीलों से आए गायत्री परिजनों ने अपनी-अपनी तहसील स्तरीय गतिविधियों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। प्रशिक्षण में उपजोन प्रभारी नरेश तिवारी (जबलपुर), प्रांतीय युवा मंडल प्रभारी प्रकाश सेन, मुख्य प्रबंध ट्रस्टी थम्मन सिंह शर्मा (नरसिंहपुर) तथा उपजोन प्रशिक्षण प्रभारी वृन्दावन पटेल ने मिशन की गतिविधियों, संगठनात्मक कार्यों एवं आगामी योजनाओं पर मार्गदर्शन दिया। बैठक में आगामी तीन माह के लिए गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ, वृक्ष गंगा

अभियान, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा, साधना एवं स्वाध्याय, माता भगवती देवी जन्म शताब्दी वर्ष के आयोजन तथा शांतिकुंज में संचालित प्रशिक्षणों में सहभागिता का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर नवगठित ट्रस्ट मंडल के उत्कृष्ट कार्यों के लिए मुख्य ट्रस्टी एम.सी. शर्मा, सह प्रबंध ट्रस्टी सुरेश गुप्ता तथा सहायक राजेश कुमार कौरव को सम्मानित किया। नरसिंहपुर, करेली, तेंदूखेड़ा, गोटेगांव एवं गाडरवारा की तहसील समन्वय समितियों के सदस्यों सहित सुरेन्द्र सिंह राजपूत (एडवोकेट), जिला समन्वयक रामकुमार ठाकुर, आर.एस. शर्मा, वीरेन्द्र पटेल, यशपाल राजपूत, तहसील समन्वयक गीता प्रसाद, अखिलेश, शिवम सोनी, मूलचंद (परिव्राजक), राजकुमारी, गोविंद कौरव, भाव सिंह वर्मा एवं गोपाल कौरव सहित अनेक गायत्री परिजनों की सहभागिता रही।

किराना एवं दाल-चावल व्यापारी संघ की नई कार्यकारिणी गठित

नवभारत/ गोटेगांव। किराना एवं दाल-चावल व्यापारी संघ की बैठक होटल श्रेया में आयोजित की गई। बैठक में संघ के समस्त सामान्य सदस्यों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में संरक्षक के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी इंजीनियर सरदार सिंह पटेल को चुना गया। वहीं मार्गदर्शक मंडल में दिलीप जैन लंकेश जैन मनीष जैन विकास बडकुल नीरज जैन और श्री आनंद अग्रवाल को शामिल किया गया। पदाधिकारी इस प्रकार हैं, अध्यक्ष सत्यप्रकाश अग्रवाल टिंकू उपाध्यक्ष संदीप अग्रवाल आशीष कुमार जैन दानी महामंत्री विशाल

बड़कुल सोनू कोषाध्यक्ष अमरनाथ अग्रवाल मीडिया प्रभारी गोलू साहू कार्यकारिणी सदस्य, आशीष जैन अज्जू दाल विपिन साहू मोहित दसवानी अंकित जैन, आशीष जैन विद्या जनरल हैं द्व बैठक में व्यापारियों और ट्रांसपोर्टरों के बीच चल रही समस्याओं को आपसी समन्वय से खत्म करने पर विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही व्यापारी संघ की आगामी गतिविधियों और संगठन को मजबूत करने की रूपरेखा भी तय की गई। नवनियुक्त अध्यक्ष सत्यप्रकाश अग्रवाल टिंकू ने कहा कि संघ की नई टीम व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा से काम करेगी। ट्रांसपोर्ट और अन्य समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा। हम सभी व्यापारी एकजुट होकर गोटेगांव के व्यापार को नई ऊंचाई देंगे।ठक में समस्त व्यापारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

स्टेट हाईवे-44 पर फिर भीषण सड़क हादसा

अज्ञात वाहन की टक्कर से तीन घायल

साईखेड़ा। स्टेट हाईवे-44 स्थित साईखेड़ाङ्कउदयपुरा मार्ग पर रविवार को एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। उदयपुरा की ओर से स्कूटी पर सवार तीन लोगों को एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक पुरुष, एक महिला तथा लगभग 14 वर्षीय बालिका घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी तेज थी कि स्कूटी सवार सड़क पर गिर पड़े। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल घायलों को एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, साईखेड़ा पहुंचाया। चिकित्सकों ने बताया कि तीनों घायलों का प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। हादसे में 14

वर्षीय बालिका के पैर में गंभीर चोट आई है, जबकि अन्य दो घायलों को भी चोटें आई हैं। आवश्यकता पड़ने पर उन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर किया जा सकता है। घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और फरार वाहन की तलाश की जा रही है। गौरतलब है कि स्टेट

हाईवे-44 पर लगातार हो रहे सड़क हादसों से क्षेत्रवासियों में चिंता बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों पर सख्ती से अंकुश लगाने, नियमित यातायात जांच कराने तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।

मन की बात में नरसिंहपुर के अमृत सरोवरों का उल्लेख

नवभारत/ नरसिंहपुर। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अपने लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 136 वें एपिसोड में जल संरक्षण के क्षेत्र में देशभर में हो रहे उल्लेखनीय कार्यों का जिक्र करते हुए नरसिंहपुर जिले में अमृत सरोवरों के संवर्धन एवं पुनर्जीवन की सराहना की। प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रीय मंच से जिले के कार्यों का उल्लेख किया जाना नरसिंहपुर जिले के लिए गर्व और सम्मान का विषय है। जिले में अमृत सरोवरों के संरक्षण, सौंदर्यीकरण एवं जल संरक्षण के कार्य कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के मार्गदर्शन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश के

नेतृत्व में प्रभावी रूप से संचालित किए गए। जनप्रतिनिधियों, विभिन्न विभागों, ग्राम पंचायतों एवं स्थानीय नागरिकों के समन्वित प्रयासों से अमृत सरोवरों का पुनर्जीवन सुनिश्चित हुआ, जिससे जल संरक्षण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण एवं भू-जल संवर्धन को भी नई दिशा मिली है। प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा 'मन की बात' में नरसिंहपुर का उल्लेख जिले के लिए प्रेरणादायी उपलब्धि है और यह जल संरक्षण के क्षेत्र में किए गए कार्यों की राष्ट्रीय स्तर पर मिली महत्वपूर्ण पहचान को दर्शाता है। जिला प्रशासन ने इसे जिले के प्रत्येक नागरिक, जनप्रतिनिधि, ग्राम पंचायत, अधिकारी-कर्मचारी एवं जनभागीदारी से जुड़े सभी सहयोगियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताया है।

प्रदर्शन | मेडिकल यूनिवर्सिटी के भेदभाव पूर्ण विभाजन पर मौन प्रदर्शन, जनसंगठनों द्वारा उठाई जा रही है लगातार आवाज

गांधी जी, अब आप ही जबलपुर को बचाइए....

नवभारत,जबलपुर। मध्यप्रदेश मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी जबलपुर के मनमानी एवं भेदभाव पूर्ण विभाजन पर दु:ख व्यक्त करते हुए शनिवार को जन संगठनों के प्रतिनिधियों ने टाउन हाल परिसर स्थित गांधी जी के प्रतिमा के समक्ष प्रार्थना की कि गांधी जी, अब आप ही जबलपुर को बचाएं। जन संगठनों ने इस अवसर पर मौन प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रतिनिधियों का कहना था कि सत्तापक्ष के जनप्रतिनिधियों ने मामले में पूर्णत: चुप्पी साधी और कोई भी आपत्ति दर्ज नहीं की। यह काफी दुर्भाग्य पूर्ण एवं चिंतनीय है। इस कृत्य से यह प्रतीत हो गया कि वर्तमान में जबलपुर की

अस्मिता के संरक्षण करने वाला कोई भी बचा नहीं है।

राज्यपाल मंजूरी नहीं दें...

डॉ. पी.जी. नाजपांडे ने बताया कि मेडिकल यूनिवर्सिटी के विभाजन का विधानसभा द्वारा पारित प्रस्ताव अब मंजूरी हेतु महामहिम राज्यपाल को भेजा गया है। पारित प्रस्ताव में उज्जैन को 6 संभाग तथा 31 जिले, जबलपुर को 4 संभाग एवं 24 जिले दिये गये है। जबकि क्षेत्रफल और जनसंख्या दृष्टि से उज्जैन से जबलपुर बड़ा शहर है। जाहिर है कि यह पारित प्रस्ताव पूर्णत: मनमानी एवं भेदभाव पूर्ण है तथा ऐसे प्रस्ताव से जबलपुर की साख प्रभावित हुई है। अत: जन संगठनों ने एकमतेन प्रस्ताव पारित किया है कि महामहिम राज्यपाल इस प्रस्ताव को मंजूरी न दें। इस अवसर पर रजत भार्गव, टी. के. राजघटक, एड. वेदप्रकाश अधोलिया, सुभाष चंद्रा, सुशीला कनौजिया, गीता पाण्डे, डी. के. सिंह, संतोष श्रीवास्तव, पी.एस. राजपूत, माया कुशवाहा, यशवंत कोष्टा, व्ही.एन. कमलाकर, के.सी. सोनी, उमा दाहिया, पूर्णिमा नायडू, एड. बृजेश साहू, श्याम सोलंकी, कंचन पटेल, अशोक यादव, अनिल गुप्ता, राममिलन शर्मा, आदि उपस्थित थे।

पिता की डांट से नाराज बालक घर छोड़कर चला गया

थाने में अपहरण का मामला दर्ज, छानबीन में जुटी पुलिस

जबलपुर। पिता की मामूली डांट से नाराज होकर एक 14 वर्षीय छात्र घर छोड़कर कहीं चला गया। परिजनों ने पहले तो अपने स्तर पर उसकी खोजबीन शुरू की लेकिन जब उसका कहीं कोई सुराग नहीं लगा तो वे सीधे तिलवारा थाने पहुंचे। पुलिस ने अपहरण का प्रकरण दर्ज कर पतासजी शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, तिलवारा के कबीरमठ क्रेशर बस्ती में रहने वाले वाला 14 वर्षीय बालक सी.एम. राईस स्कूल में कक्षा 9वीं का छात्र है। उसके पिता ने उसे सुबह जल्दी उठकर स्वास्थ्य के लिए टहलने जाने को कहा

था। इस पर छात्र ने पैर में दर्द का बहाना बनाते हुए जाने से इंकार कर दिया। पिता ने जब उसे पढ़ाई और सेहत पर ध्यान देने की बात कहकर थोड़ा डांट दिया, तो वह नाराज हो गया। वह चुपचाप कुर्सी से उठा और घर से बाहर निकल गया। जब काफी देर तक वे घर नहीं लौटा, तो परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने उसकी सरगर्मी से तलाश की। जब कहीं भी उसका कोई सुराग नहीं मिला, तो बदहवास परिजन तिलवारा थाने पहुंचे और मामले की जानकारी पुलिस को दी।